प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 09.11.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के अंतिम दिन झामुमो और भाजपा का प्रचार थमा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन ने किया रोड शो, भाजपा ने झामुमो पर बांग्लादे□ी घुसपैठ और आदिवासियों के पलायन का लगाया आरोप।**
2. **झारखंड राज्य स्थापना दिवस के तहत "झारखंड एट 25" थीम पर 11 से 15 नवंबर तक होंगे कार्यक्रम, राज्यभर में तैयारियां जारी।**
3. **राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर राज्य के कई जिलों में कार्यक्रम हुए आयोजित, लीगल वॉलेंटियर्स ने नालसा हेल्पलाइन की दी जानकारी, छात्रों को न्याय सेवा के लिए किया गया प्रेरित।**
4. **हजारीबाग पुलिस ने 8.2 किलो अवैध मादक पदार्थ के साथ चार तस्करों को किया गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज।**

और

5. **राज्य में बढ़ने लगी ठंड, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में शीतलहर और तापमान में गिरावट की जताई संभावना।**

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार का आज अंतिम दिन रहा जिसमें झामुमो और भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी, विधायक कल्पना सोरेन, ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन में 10 से अधिक स्थानों पर रोड शो और नुक्कड़ सभाएं की। इन सभाओं में कल्पना सोरेन ने मतदाताओं से सोमेश सोरेन के पक्ष में मतदान कर उन्हें विधानसभा भेजने का समर्थन मांगा।

****

इधर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने घाटशिला उपचुनाव के अंतिम दिन प्रचार के दौरान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ रही है, जबकि आदिवासी इलाकों से पलायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को सम्मान सिर्फ भाजपा ने दिया है और प्रधानमंत्री मोदी ने ओल चिकि लिपि को आठवीं अनुसूची में शामिल कर झारखंड की भावनाओं का सम्मान किया। श्री चंपाई ने दावा किया कि हेमंत सरकार आदिवासियों की जमीन छीन रही है, जबकि भाजपा उनके अधिकारों की रक्षा और विकास के लिए काम कर रही है।

****

झारखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर सभी जिलों में तैयारियां जारी हैं। इसके तहत देवघर में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। उन्होंने बताया कि झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष झारखंड एट 25 थीम पर 11 से 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में रन फॉर झारखंड, साइकिल रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिसंपत्ति वितरण और रक्तदान शिविर शामिल रहेंगे।

****

झारखंड राज्य स्थापना दिवस के तहत 11 नवम्बर को रन फॉर झारखंड का आयोजन किया जाएगा। साहिबगंज में यह दौड़ साक्षरता चौक से शुरू होकर सिदो कान्हु स्टेडियम तक होगी,

जिसमें महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग–अलग श्रेणियां रहेंगी। आज आयोजन की तैयारी के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन कर दायित्व सौंपे गए हैं।

****

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर राज्य के कई जिलों में कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके तहत साहेबगंज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पारा लीगल वॉलेंटियर्स ने लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाओं और नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर न्याय और समानता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

****

इधर हजारीबाग में भी राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर हजारीबाग लॉ कॉलेज में लीगल एवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जिला सत्र एवं प्रधान न्यायाधीश रंजीत कुमार ने छात्रों को समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर छात्रों ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से भविष्य के अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने के प्रति जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण है।

****

इस वर्ष 22 सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई है। इसी कड़ी में आज हम बताएंगे कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार सिक्किम की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

****

रांची में झारखंड प्रदेश ईंट निर्माता संघ की बैठक में ईंट उद्योग की समस्याओं जैसे जीएसटी, कोयला आपूर्ति और लेबर नियमों पर चर्चा हुई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि उद्योग को रोजमर्रा की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और सरकार इस दिशा में पर्याप्त पहल नहीं कर रही है।

****

हजारीबाग पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.2 किलो अवैध मादक पदार्थ के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ अमित आनंद ने जानकारी दी कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

****

बोकारो जिले के खेल कूद और कसरत को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय पहल की है। उन्होंने बताया कि जिले सरकारी एवं निजी विद्यालयों में योग की शिक्षा अनिवार्य की जाएगी।

****

- लोहरदगा के कैरो प्रखंड के उतका गांव में उद्यान विभाग की ओर से तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉक्टर कुमार ताराचंद ने प्रशिक्षित 16 किसानों को मधुमक्खी बॉक्स, छत्ता और मधु निकासी उपकरण वितरित किए।
- गिरिडीह साइबर थाना पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के लाछुवाडीह से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम और अन्य दस्तावेज बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में ठंड का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। आज रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा, लेकिन सुबह ठंड महसूस की गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट की संभावना है।

**********समाप्त**********